>

Title : Need to repair and maintain State Highway No. 14 in Rajgarh, Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश में स्थित सड़क मार्ग स्टेट हाईवे 14 जो कि वर्ष 2007 में एशियन विकास बैंक फेज प्रथम के सहयोग से बनकर तैयार हुआ था। वर्तमान में इसके देखभाल की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की है। इस सड़क पर खिलचीपुर से सुसनेर की तरफ महज लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर सड़क बनने के तीन-चार माह बाद से ही एक खतरनाक गड्डा हो चुका है। जहां कि लगभग 10-11 मीटर लम्बाई की सड़क बिलकुल उखड़ गई है। इस हिस्से में एक से दो फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं। आए दिन इस जगह पर कई दुपहिया वाहन एवं बड़े तथा भारी वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं तथा जानमाल की क्षति भी हो रही है। इसे दुरूस्त करने के बाबत मेरे द्वारा भी संबंधित विभाग को कई बार पत्र भी लिखे जा चुके हैं, किन्तु आज तक किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। गत दिनों इसी जगह उक्त गड्डों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुए एक दुपहिया वाहन में एक और व्यक्ति की जान चली गई। इस प्रकार अभी तक संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण तीन व्यक्ति मौत के शिकार बन चुके हैं।

मेरा अनुरोध है कि अविलम्ब संबंधित विभाग को उक्त सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को तत्काल दुरूस्त करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें। ताकि इस जगह पर और अन्य व्यक्तियों को काल-कवलित होने से बचाया जा सके।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि संबंधित अधिकारियों जिनके द्वारा लापरवाही बरती गई है, उन पर कार्रवाई की जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।